# सामुदायिक दवा-विक्रेता आरंभिक (पायलट) परियोजना (कम्युनिटी फार्मासिस्ट पायलट प्रोजेक्ट) - अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न

## मूत्र-प्रणाली संक्रमण (युरिनरी ट्रेक्ट इंफेक्शन) यूटीआई क्या होता है?

मूत्र-तंत्र (युरिनरी सिस्टम) के किसी भी हिस्से में होने वाले संक्रमण को यूटीआई कहते हैं। मूत्र-तंत्र (युरिनरी सिस्टम) में सामान्यतया दोनों गुर्दे तथा मूत्रवाहिनी कहलाने वाली वो दो पतली नलियाँ शामिल होती हैं, जो गुर्दों को मूत्राशय से जोड़ती हैं। मूत्राशय से एक अन्य नली, जिसे यूरेथ्रा (मूत्र-मार्ग) कहते हैं, मूत्र को शरीर से बाहर ले जाती है।

सबसे ज़्यादा मामलों में संक्रमण सामान्यतया मूत्राशय में (सिस्टाइटिस) होता है लेकिन यूरेथ्रा में (यूरेथ्राइटिस), गुर्दों में (पायलोनेफ्राइटिस) भी हो सकता है, या इनमें से किन्हीं दो में एक-साथ संक्रमण भी हो सकता है।

गुर्दों में संक्रमण के बारे में किसी डॉक्टर या नर्स प्रैक्टिशनर द्वारा मूल्यांकन की ज़रुरत होती है।

**यूटीआई संक्रमणों के बारे में अधिक जानकारी के लिए हैल्थ डायरेक्ट (healthdirect) पर जाएँ**।

## यूटीआई के लक्षण क्या होते हैं?

यूटीआई के लक्षणों में शामिल हो सकता है:

- जब आप पेशाब करते हैं तब जलन या चुभन (पीड़ा)
- पेशाब करने की बार-बार और/या तत्काल ज़रूरत
- मूत्राशय के आस-पास की जगह पर  (पेट के निचले हिस्से में, नाभि के नीचे) दर्द

**यूटीआई संक्रमणों के बारे में अधिक जानकारी के लिए हैल्थ डायरेक्ट (healthdirect) पर जाएँ**।

## एक हल्के और गंभीर यूटीआई में क्या अंतर होता है?

मूत्र-प्रणाली में हल्का संक्रमण सामान्यतया महिलाओं को, और मादा बायोलोजी वाले लोगों को, सामान्यतया स्वस्थ लोगों को, जो गर्भवती नहीं हैं उनको और जिनकी मूत्र प्रणाली में किसी तरह की असमान्यताएँ या अवरोध नहीं होते हैं उनको होता है।  मूत्र-प्रणाली के नीचे वाले भाग (यूरेथ्रा और मूत्राशय) में होने वाले संक्रमण हल्के होते हैं।

अगर दवा-विक्रेता को कोई संक्रमण जटिल लगते है, तो रोगी को ईलाज के लिए किसी डॉक्टर के पास भेज दिया जाएगा।

## क्या मैं अपनी स्थानीय दवाई की दुकान से देखभाल पाने के लिए पात्र हूँ?

यूटीआई के दवाई की दुकान में ईलाज के लिए, यह आवश्यक है कि:

- आप एक महिला हैं (या आपकी मादा बायोलोजी है)
- आपकी आयु 18 वर्ष से लेकर 65 वर्ष तक की है
- एक गंभीर यूटीआई में जो लक्षण निरंतर दिखते हैं, उनमें शामिल हो सकता है:
- जब आप पेशाब करते हैं तब जलन या चुभन (पीड़ा), या
- पेशाब करने की बार-बार या तत्काल ज़रूरत
- मूत्राशय के आस-पास की जगह पर  (पेट के निचले हिस्से में, नाभि के नीचे) दर्द

अगर आपको सहायता अपनी भाषा में चाहिए, तो दवा-विक्रेता से कहें कि आपको एक दुभाषिये की ज़रुरत है।

## मैं, इस आरंभिक (पायलट) परियोजना में भाग ले रहे दवा-विक्रेता का पता कैसे लगा सकता हूँ?

इसमें भाग ले रही दवाई की दुकानों के बारे में जानकारी स्वास्थ्य विभाग की वेबसाइट पर उपलब्ध है। आप पहले अपने स्थानीय दवा-विक्रेता को फ़ोन करके यह पूछने के बारे में भी विचार कर सकते हैं कि क्या वे यह सेवा प्रदान करते हैं। अगर वे यह सेवा प्रदना नहीं करते हैं तो वे आपको अन्य देखभाल प्रदाताओं के पास जाने के लिए जानकारी दे सकते हैं।

## अगर मैं अपनी स्थानीय दवाई की दुकान से देखभाल पाने के लिए पात्र नहीं हूँ तो क्या होता है?

हो सकता है कि आपका दवा-विक्रेता यह सुनिश्चित करने के लिए आपको आपके डॉक्टर (जीपी) के पास या किसी अन्य स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता के पास भेज सकता है कि आपको सही समय पर सही ईलाज मिले। आपात-स्थिति में, आपका दवा-विक्रेता आपको अस्पताल के ईमरजेंसी विभाग में भी भेज सकता है।

## मेरी स्थानीय दवाई की दुकान यूटीआई संक्रमणों के लिए एंटीबायोटिक्स की आपूर्ति करने में असमर्थ है - ऐसा क्यों?

इस आरंभिक (पायलट) परियोजना में दवा-विक्रेताओ की भागीदारी स्वैच्छिक है। इसलिए, दवाई की सभी दुकानें सलाह या इलाज उपलब्ध नहीं करवाएँगी।

दवा-विक्रेताओं को यह सेवा प्रदान करने से पहले यथोचित प्रशिक्षण पूरा करना आवश्यक है।

अगर ज़रूरत हो, तो इस परीक्षण में हिस्सा न लेने वाले दवा-विक्रेता यूटीआई संक्रमणों के कष्ट से राहत के विकल्पों के बारे सलाह तथा यथोचित संदर्भ प्रदान कर सकते हैं।

## क्या दवा-विक्रेता दवाईयाँ लिखने (प्रिस्क्राइब करने) के लिए अधिकृत होते हैं? मेरी सहायता करने के लिए क्या उनके पास यथोचित प्रशिक्षण है?

इस परीक्षण में भाग ले रहे दवा-विक्रेताओं ने यूटीआई संक्रमणों के लिए दवाईयाँ देने हेतु अतिरिक्त प्रशिक्षण प्राप्त किया है।

इसमें भाग ले रही दवाई की दुकानों को इस बारे में दिशा-निर्देश तथा प्रोटोकॉल (क्रिया के लिए पूर्व निर्धारित पद्धति) बताए जाएँगे कि कौन इलाज करवा सकता है और किसे डॉक्टर जीपी के पास या अस्पताल के ईमरजेंसी विभाग में भेजना ज़रूरी होता है।

## इस आरंभिक (पायलट) परियोजना को तस्मेनिया में क्यों चलाया जा रहा है?

रोग की कुछ स्थितियों में दवा-विक्रेता द्वारा दवाई लिखने (प्रिस्क्राइब करने) से शुरु में ही इलाज हो सकता है और लक्षणों तथा परेशानी को कम करने में सहायता मिल सकती है, यह सुनिश्चित करना भी महत्वपूर्ण होता है कि व्यक्तियों

तथा जनता के लिए इसके ख़तरे इससे होने वाले लाभों के साथ संतुलित हों। वर्तमान में ऑस्ट्रेलिया के अन्य भागों में प्रयोग तथा आरंभिक (पायलट) परियोजनाएँ चल रही हैं।

### यह आरंभिक परियोजना (पायलट) कितने समय तक चलेगी?

यह आरंभिक परियोजना (पायलट) 12 महीनों के लिए चलेगी? इस आरंभिक परियोजना (पायलट) की समाप्ति पर, इस सेवा की निरंतर सुलभता पर विचार करने के लिए, स्वास्थ्य विभाग तथा तस्मेनियाई सरकार के लिए एक रिपोर्ट तैयार की जाएगी।

### इस आरंभिक परियोजना (पायलट) के संबंध में मैं अपनी चिंता की रिपोर्ट कैसे कर सकता/ती हूँ?

आपके परामर्श सत्र के दौरान आपका दवा-विक्रेता आपको एक भागीदार सूचना पत्र देगा। आप अपनी चिंता को सीधे अपनी दवाई की दुकान पर व्यक्त कर सकते/ती हैं। अगर आप उनके द्वारा दिये गये जवाब से ख़ुश नहीं हैं या आपको लगता है कि दवाई की दुकान से सीधे संपर्क करना ठीक नहीं होगा, तो आप AHPRA या तस्मेनियाई स्वास्थ्य शिकायतें आयुक्त (Tasmanian Health Complaints Commissioner) को इस बारे में रिपोर्ट कर सकते हैं।

### अगर मैं इस आरंभिक परियोजना (पायलट) में हिस्सा लेता/ती हूँ, तो मुझे अपनी क्या-क्या निजी जानकारी प्रदान करनी होगी? इसका कैसे उपयोग किया जाएगा और इसे कैसे सुरक्षित रखा जाएगा?

दवा-विक्रेता से इलाज पाने के लिए आपको अपना नाम, संपर्क विवरण तथा अगर आपका कोई डॉक्टर (जीपी) हो, तो उसका नाम बताना होगा।

आपको इस आरंभिक परियोजना (पायलट) का हिस्सा बनने के लिए और दवा-विक्रेता से परामर्श सत्र के लगभग सात दिनों बाद स्वास्थ्य विभाग के एक स्वैच्छिक फॉलो-अप सर्वे प्राप्त करने के लिए भी अपनी सहमति देनी होगी।

इस आरंभिक परियोजना (पायलट) के बारे में, जानकारी को इस तरह से प्रस्तुत किया जाएगा कि आपकी पहचान न की जा सके।

आपके द्वारा प्रदान की गई इस जानकारी को आपके दवा-विक्रेता और स्वास्थ्य विभाग द्वारा सुरक्षित तरीके से रखा जाएगा।

### आकलन और इलाज में कितना खर्चा होगा?

आपको जो दवाईयाँ लिख कर दी जाएँगी उनके पैसे लगेंगे। हो सकता है परामर्श(कन्सलटेशन) शुल्क भी लगे। आपका आकलन करने से पहले आपका दवा-विक्रेता आपको संभावित क़ीमतों के बारे में बता देगा।